# सोन नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

## शादी समारोह से लौटने के बाद नदी में नहाने के दौरान हुआ हादसा



**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 25 जून. जिले के सिहावल क्षेत्र के केतकिन घाट में गुरुवार सुबह सोन नदी में नहाने गए दो युवक लापता हो गए।**

एसडीआरएफ की टीम को सर्चिंग में एक युवक का शव मिला है। आरंभ से ही आशंका जताई जा रही है कि दोनों नदी में डूब गए हैं। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में मातम का माहौल है। दोनों युवक बुधवार रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। प्रत्यक्षदर्शी प्रिंस साकेत ने बताया कि वह राजा साकेत और संजय साकेत निवासी पोखरा के साथ में नहा रहा था। इसी दौरान राजा और संजय ने नदी पार करने की कोशिश की। नदी के बीच पहुंचते ही दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। प्रिंस के मुताबिक, दोनों युवकों ने मदद के लिए आवाज लगाई, लेकिन उसे तैरना नहीं आता था, इसलिए वह उन्हें बचा नहीं सका। इसके बाद वह गांव पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण केतकिन घाट पहुंच गए। लोगों ने अपने स्तर पर युवकों की तलाश शुरू की लेकिन सोन नदी के तेज बहाव और गहराई के कारण कोई सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही अमिलिया थाना पुलिस और सिहावल चौकी की टीम मौके पर पहुंची। अमिलिया थाना प्रभारी राकेश बैस ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे सूचना मिलने के बाद स्थिति का जायजा लिया गया और दोपहर करीब 12 बजे एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम केतकिन घाट में लगातार रेस्क्यू अभियान चलाती रही। शाम को एक युवक का शव सर्चिंग में मिला है। दूसरे युवक की सर्चिंग का कार्य अंधेरा होने तक चला।

**इनका कहना है**

सोन नदी में डूबे दोनों युवकों की सर्चिंग का कार्य एसडीआरएफ टीम द्वारा शुरू किया गया। शाम करीब 5.15 बजे पानी में डूबे संजय साकेत उम्र 21 वर्ष का शव बाहर निकाला गया। दूसरे युवक की सर्चिंग का कार्य अंधेरा होने तक किया गया। अब सर्चिंग का कार्य शुक्रवार सुबह से फिर किया जायेगा।

**मयंक तिवारी,**
कमाण्डर एसडीआरएफ सीधी

# जपं सीईओ समेत 6 पर आपराधिक प्रकरण दर्ज

## फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र जारी कर भ्रष्टाचार करने के मामले में ईओडब्लू ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सतना 25 जून. जनपद पंचायत मैहर में पटवारी सर्वे रिपोर्ट और तहसीलदार के सत्यापन के बिना अपात्र व्यक्तियों को फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र जारी कर भ्रष्टाचार के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की रीवा इकाई द्वारा कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जनपद सीईओ समेत आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया.**




आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ रीवा इकाई के पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल द्वारा शिकायत पंजीबद्ध की गई थी. जिसके बाद यह शिकायत रीवा इकाई के पास पहुंची. शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर यह जानकारी सामने आई कि वैध अनुशंसा अथवा आदेश के बिना ही अपात्र व्यक्तियों के नाम गरीबी रेखा के नीचे सूची में जोड़ दिए गए. इसके कारण एक ओर जहां अपात्र व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिला वहीं दूसरी ओर शासन को आर्थिक क्षति हुई. लिहाजा प्रथम दृष्टश अपराध प्रमाणित पाए जाने पर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर वेदमणि मिश्रा, तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं मैहर आर एन शर्मा, तत्कालीन सहायक विस्तार अधिकारी जपं मैहर प्रेमलाल गौतम, तत्कालीन विकास खण्ड अधिकारी जपं मैहर सुदामा प्रसाद चौरसिया, तत्कालीन बीपीएल प्रभारी जपं मैहर दीपक मिश्र और वर्तमान बीपीएल प्रभारी जपं मैहर रामसुंदर मिश्रा एवं अन्य संबंधित लोगों के विरुद्ध धारा 420 409 120बी आईपीसी के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है.

### पिछले 8 साल से मिला लाभ

ईओडब्लू रीवा इकाई के एसपी डॉ. ठाकुर के अनुसार अब तक की जा चुकी जांच में कुल 111 अपात्र हितग्राहियों के नाम मिले हैं जिन्हें फर्जी तरीके से बीपीएल प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए. इसी फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र के जरिए ये अपात्र व्यक्ति वर्ष 2018 से लेकर अब तक शासन की विभिन्न शासकीय योजनाओं का अनुचित लाभ उठा रहे हैं. जांच में यह भी सामने आया कि पटवारी सर्वे रिपोर्ट एवं तहसीलदार के सत्यापन के बिना ही अपात्र व्यक्तियों के नाम बीपीएल सूची में जोड़ दिए गए. जिसकी वजह से शासन को आर्थिक चपत लगी.

### पेंशन योजना की राशि सिंगल क्लिक में अंतरित

**मैहर 25 जून.** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि अंतरण हेतु आयोजित सिंगल क्लिक राशि अंतरण कार्यक्रम का वेबकास्ट मैहर जिले के कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में देखा व सुना गया। वेबकास्ट के दौरान हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं के लाभ, पारदर्शिता एवं समयबद्ध भुगतान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संजना जैन सहित विभिन्न निकायों के अध्यक्ष/प्रमुख, जनप्रतिनिधि, तथा सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सॉल्वर गिरोह में सतना मेडिकल कॉलेज का छात्र शामिल

## पटना में पकड़ा गया, आरोपी छात्र 7 जून से छुट्टी पर है

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 जून. देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में बड़े फर्जीवाड़े का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। बिहार के पटना में पुलिस और जांच एजेंसियों ने एक बड़े ऑपरेशन के तहत हाईटेक सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 30 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है।**




यह गैंग परीक्षा के अत्याधुनिक बायोमेट्रिक सिस्टम में सेंध लगाकर असली अभ्यर्थियों की जगह फर्जी परीक्षार्थियों को बैठाने का खेल खेल रहा था। विभागीय सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार इस अंतरराज्यीय गिरोह के तार मध्य प्रदेश से भी जुड़े हैं। गिरफ्तार आरोपियों में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष का एक छात्र भी शामिल है, जिसकी पहचान हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल, पटना पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स इस पूरे सिंडिकेट के मुख्य सरगना की तलाश में जुटी है, और आने वाले दिनों में कुछ और बड़े चेहरों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

**इनका कहना है**

हमने इस छात्र के बारे मे पता किया यह 7 जून से छुट्टी पर है इसके परिजन से संपर्क करने की कोशिक की पर को जानकारी नहीं है जानकारी मिलते ही आपको सूचित करेंगे

**डॉ सीसी धर**
डीन मेडिकल कॉलेज

# युवक ने पत्नी के मायके में टॉवर पर चढ़कर किया हाई वोल्टेज ड्रामा

## सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला पहुंचा, घंटों चली समझाइश के बाद उतरा नीचे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 जून, मऊगंज जिले के देवतालाव में गुरुवार को उस वक्त हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों तक नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ. घटना की एक ऐसी कहानी सामने आई जिसने सभी को चौका दिया.**

इंस्टाग्राम से शुरू हुई मोहब्बत, दूसरा विवाह, पहली पत्नी और चार बच्चों की जानकारी छिपाने के आरोप, घरेलू विवाद, प्रताड़ना की शिकायत और फिर टावर पर चढ़कर जान देने की कोशिश.

दरअसल देवतालाब उपतहसील परिसर के पास गुरुवार सुबह अचानक हड़कंप मच गया. सुबह करीब चार बजे एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही लौर थाना पुलिस, डायल-112 और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया. घंटो समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया. पुलिस की सूझबूझ और धैर्य से एक बड़ा हादसा टल गया. टावर पर चढ़े युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सिकरारा निवासी 29 वर्षीय विकास के रूप में हुई. बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में इंस्टाग्राम के जरिए उसकी पहचान लौर थाना क्षेत्र की रहने वाली लड़की से हुई थी. बातचीत के बाद दोस्ती प्यार में और फिर वर्ष 2023 में दोनों ने मुंबई में विवाह कर लिया. दोनों का एक साल का बच्चा भी है और महिला वर्तमान में गर्भवती बताई जा रही है. लेकिन इसी प्रेम कहानी में छिपा था एक बड़ा राज, जिसने पूरे रिश्ते को विवाद में बदल दिया. युवक की पत्नी का आरोप है कि विकास ने उससे अपनी पहली शादी और चार बच्चों की जानकारी छिपाई थी. महिला का कहना है कि उसे धोखे में रखकर संबंध बनाया गया. जब उसे सच्चाई का पता चला तो विवाद शुरू हो गया. इतना ही नहीं घटना से एक दिन पहले महिला ने थाना लौर पहुंचकर विकास के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, मानसिक प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने की लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी.

### मुंबई से दस दिन पहले मायके आई है महिला

पुलिस महिला द्वारा की गई शिकायत की जानकारी जुटा ही रही थी कि अगले दिन टावर पर चढ़ने की घटना सामने आ गई. बताया जा रहा है कि महिला करीब दस दिन पहले मुंबई से अपने मायके गोंदरी आई थी. इसके बाद विकास भी देवतालाव पहुंचा और पारिवारिक विवाद के बीच मोबाइल टावर पर चढ़ गया. पूछताछ में विकास ने पहली पत्नी और चार बच्चों की बात स्वीकार की है, जबकि दूसरी पत्नी ने खुद को धोखे और प्रताड़ना का शिकार बताया है. फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान और शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है.

# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

## दो गंभीर को इलाज के लिए भर्ती कराया गया

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 25 जून. जिले के अमिलिया थानांतर्गत खड़बड़ा के समीपस्थ ट्रैक्टर ने स्प्लेंडर बाइक को टक्कर मारी जिससे एक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया।**



जानकारी के अनुसार घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना दिए। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया में घायलों को पहुंचाया। गंभीर स्थिति के चलते घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया वहीं ट्रैक्टर को जप्त कर अमिलिया थाने में खड़ा किया गया है। बताया गया है कि सर्वेश कोल पिता लक्ष्मण कोल उम्र 22 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायल प्रवीण साकेत और अर्जुन कोल दोनों निवासी हटवा खास के हैं। जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं मृतक सर्वेश कोल का पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जूडो खेल अकादमी प्रतिभा चयन 29 से

**सतना 25 जून.** म.प्र. राज्य खेल अकादमियों के खिलाड़ियों हेतु प्रतिभा चयन वर्ष 2026-27 कार्यक्रम के अंतर्गत जूडो खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना/मैहर रितिका दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन कार्यक्रम 29 एवं 30 जून 2026 को सायं 4 बजे से स्व. दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर सतना में आयोजित होगा। सतना एवं मैहर जिले के सभी इच्छुक एवं प्रतिभाशाली खिलाडी इस प्रतिभा चयन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

# खाखन पुल के पास फिर हुआ सड़क हादसा, हाइवा पलटा

## लगातार दुर्घटनाओं से लोगों में बढ़ा आक्रोश, सुरक्षा इंतजामों की मांग

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 25 जून। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगनी स्थित खाखन पुल एनएच-39 के समीप एक बार फिर सड़क दुर्घटना होने की सूचना के बाद क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल है।**

लगातार सामने आ रही दुर्घटनाओं ने इस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र अब हादसों का संवेदनशील बिंदु बनता जा रहा है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होने से राहगीरों और वाहन चालकों में भय का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही, ओवरलोड परिवहन तथा यातायात नियमों की



अनदेखी दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बन रहे हैं।

उनका कहना है कि कई बार शिकायतों और मांगों के बावजूद अब तक प्रभावी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से खाखन पुल और आसपास के हिस्से में चेतावनी संकेतक, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था, स्पीड ब्रेकर तथा नियमित यातायात जांच अभियान शुरू करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद लोगों ने मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने की मांग उठाई है।






# लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 25 जून। म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा सिंगरौली की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**



बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में लिपिक वर्गीय कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मचारी साथियों के स्वागत एवं संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुई। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने संगठन की एकजुटता, निष्ठा और समर्पण पर बल देते हुए कर्मचारियों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जेपी मार्के एवं आनंद कुमार चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष, अशोक मिश्रा को जिला मंत्री, रमाकांत शुक्ला को सचिव, नंदकिशोर प्रजापति को कोषाध्यक्ष तथा आफताब सिद्दीकी को उप कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसके अलावा जावेद अहमद खान को संयुक्त सचिव राजेंद्र रायकवार एवं भोला प्रसाद वर्मा को संगठन सचिव, सुरेश मिश्रा को प्रचार सचिव तथा मथुरा प्रसाद गुप्ता एवं रमेश तिवारी को सदस्य सचिव बनाया गया। वहीं संजय कुमार साहू, नरेंद्र धाकड़ और रवि उइके को मीडिया-सह-प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुमन पनिका तथा उपाध्यक्ष दीपा सिंह को बनाया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों का कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।


**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal - 462004, Web. : mpjalnigam.mp.gov.in
E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in, CIN : U41000MP2012SGC028798
NIT No. : 04-07/Proc./MPJNM/2026-27 Bhopal, Dated : 23.06.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam (MPJN) invited online bids of Tender for Engaging PIU-Wise Unified Agency for Supervision and Quality Control (SQC) and Third-Party Inspection (TPI) for Multi-Village Drinking Water Supply Schemes (MVDWSS) of Madhya Pradesh Jal Nigam on man-month basis through Quality and Cost Based Selection (QCBS) method.

| NIT No. | Zone | PIU | Total Villages | PAC (Rs. Cr.) | Duration (Months) | EMD (Rs. Lakh) | Document Fee (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Indore | Jhabua | 1357 | 11.34 | 24 | 10.00 | 30,000 |
| 05 | Rewa | Satna | 1984 | 10.23 | 24 | 10.00 | 30,000 |
| 06 | Gwalior | Gwalior | 609 | 7.69 | 24 | 7.69 | 20,000 |
| 07 | Jabalpur | Mandla | 893 | 7.44 | 24 | 7.44 | 20,000 |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **30.06.2026, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/126584/2026 **MANAGING DIRECTOR**



# पेट्रोल पंप पर गिरी 11 केव्ही लाइन

## परिसर में मचा हड़कंप

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 जून, रीवा के झिरिया स्थित कनोडिया पेट्रोल पंप में गुरूवार की सुबह उस वक्त हड़कप मच गया जब 11 हजार केव्ही लाइन का 440 वोल्ट का चालू तार अचानक से टूटकर गिर गया.**

अचानक करंट प्रवाहित विद्युत तार गिरने से पेट्रोल पंप परिसर में हडकंप मच गया. गनीमत रही की घटना के समय विद्युत तार की चपेट में कोई नहीं आया जिससे एक बडा हादसा टल गया है. फिलहाल कुछ देर के लिये मची हडकंप की स्थिति के बीच मौके पर पहुंचे विद्युतकर्मियों नें सप्लाई को बंद कर दिया. बताया गया कि पेट्रोल पंप के उपर से गुजरी 11 केव्ही लाइन का तार तेज धमाके के साथ अचानक से टूटकर नीचे गिर गया. घटना के समय सुबह कई लोग पेट्रोल डीजल भरवा रहे थे, लेकिन गनीमत रही कि तार सीधे किसी व्यक्ति या वाहन के उपर नहीं गिरा जिससे एक बडी दुर्घटना टल गई. तार टूटने और तेज धमाके की आवाज के तुरंत बाद विद्युत विभाग की टीम को सूचना दी गई, सूचना परपहुंचे विद्युतकर्मियों ने बिजली की मुख्य सप्लाई को बंद कर दिया. बिजली विभाग की तकनीकी टीम ने सुरक्षा घेरा बनाकर क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करने का काम किया.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99